राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0 / 1401 / 2023 दिनांकः—08 मई, 2023

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक
राजकीय अनुदानित एवं स्ववित्त पोषित महाविद्यालय,
संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ।

विषयः—दिनांक—21 जून, 2023 को समस्त महाविद्यालयों में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाये जाने तथा योग जागरुकता कार्यक्रम के सम्बन्ध में।

महोदय,

विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं राज्यपाल महोदया, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा दिनांक—21 जून, 2023 को प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों में **अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस** व्यापक स्तर पर मनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। अत महाविद्यालय में 21 जून, 2023 को **अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस** मनाया जाना आवश्यक है जिसमें महाविद्यालय के समस्त शिक्षक / शिक्षिकाओं तथा छात्र / छात्राओं तथा कर्मचारीगण का भाग लेना आवश्यक है।

इसी क्रम में योग पर जागरुकता उत्पन्न करने हेतु महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना / रोवर्स रेंजर्स तथा एन0सी0सी0 के छात्र छात्राओं के मध्य दिनांक—10 मई, 2023 से 16 मई, 2023 तक निम्नाकित कार्यक्रम कराना सुनिश्चित करें :—

1. एक सप्ताह का योग प्रशिक्षण शिविर।
2. योग पर पोस्टर / क्विज प्रतियोगिता।
3. योग के प्रति ग्राम / बस्ती / मौहल्ले में जागरुकता शिविर लगाना।

प्रतिदिन कार्यक्रम कराने के पश्चात कार्यक्रम की रिपोर्ट / फोटोग्राफ और न्यूज क्लिपिंग विश्वविद्यालय की ईमेल—nssrmpsuniversity@gmail.com पर भेजना सुनिश्चित करे जिससे शासन को ससमय रिपोर्ट प्रेषित की जा सके।

भवदीय,

08/5/23

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. डा0 पंकज एल0 जानी, कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, लखनऊ।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षाधिकारी आगरा / अलीगढ़।
4. समन्वयक, एन0एस0एस0 / रोवर्स रेंजर्स / एन0सी0सी0।
5. सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को जनहित में निशुल्क प्रकाशन हेतु प्रेषित।
6. प्रभारी वेवसाईट को इस निर्देश के साथ कि विश्वविद्यालय की वेवसाईट एवं समस्त कालेज लॉगईन पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

08.05.23

सहा0 कुलसचिव

Scanned with CamScanner